# 'चेन लुटेरों' का आतंक: 3 दिन में 3 वारदातें पुलिस की नाक के नीचे से उड़े मंगलसूत्र

सतना।

त्यौहारों की आहट के बीच सतना की सड़कें महिलाओं के लिए असुरक्षित हो गई हैं। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने पुलिसिंग को चुनौती देते हुए पिछले तीन दिनों में तीन बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। हालत यह है कि लुटेरे अब दिनदहाड़े महिलाओं का गला दबोचकर गहने छीन रहे हैं,और पुलिस केवल फाइलों में टीमें दौड़ा रही है।

### खाकी के 'खौफ' पर भारी बदमाशों के 'नाखून'

ताजा मामला शनिवार दोपहर करीब 2 बजे का है,जब सितपुरा की ओर आ रही बेबी नाम की महिला से चलते ऑटो में बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। हैरत की बात यह है कि पुलिस ने इस घटना को आला अफसरों से छिपाए रखा। वहीं,26 फरवरी को महज कुछ मिनटों के अंतराल पर दो महिलाओं को निशाना बनाया गया। रीवा-पन्ना रोड पर सब्जी बेचने वाली कुसुमकली कुशवाहा ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा,बदमाश ने गला इतनी जोर से दबोचा कि उसके नाखून हथियार की तरह चुभ गए। 60 हजार का गहना ले गए,अब घर से निकलने में डर लग रहा है। उनके गले पर आज भी पांच जख्मों के निशान बदमाशों की दरिंदगी की गवाही दे रहे हैं।





### पहले बाहर जाकर रो लो,फिर रिपोर्ट लिखाना

पुलिस की संवेदनहीनता का आलम यह है कि जब पीड़िता राममनी केवट बदहवास हालत में थाने पहुंचीं, तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे कहा-पहले बाहर जाकर अच्छे से रो लो,फिर घटना बताना। राममनी ने बताया कि बदमाशों ने उन्हें गला दबोचकर हवा में उठा दिया था। 25 साल पहले नौ हजार में खरीदा गया उनका मंगलसूत्र,जिसकी कीमत आज एक लाख से ऊपर थी,लुटेरे छीन ले गए।

### सीसीटीवी में कैद,पर पकड़ से बाहर

हालांकि पुलिस का दावा है कि उन्हें कुछ संदिग्ध फुटेज मिले हैं,लेकिन अब तक कोई ठोस कामयाबी हाथ नहीं लगी है। उधर,नागौद के पोड़ी क्षेत्र में दो बदमाशों किशन और सोनेलाल चौधरी को पकड़ा गया है, लेकिन सतना शहर की वारदातों में अभी उनका लिंक नहीं मिला है। शहर में बढ़ती इन वारदातों ने पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। सड़कों पर सन्नाटा होने से पहले ही महिलाएं अब घर से निकलने में कतरा रही हैं।

### इनका कहना है

चेन स्नैचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। एफआईआर दर्ज कर टीमें तैनात की गई हैं। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

**देवेन्द्र प्रताप सिंह,**
**सीएसपी,सतना**

## खबर संक्षेप

### पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



**सतना।** पद्मश्री से सम्मानित समाजसेवी एवं प्रख्यात व्यक्तित्व डॉ.बुधेंद्र कुमार जैन को रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।उनके पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार स्थल तक ले जाया गया,जहां पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गौरतलब है कि डॉ.जैन का निधन 27 फरवरी को चित्रकूट में हुआ था। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी, साधु-संत एवं आमजन शामिल हुए। इस अवसर पर चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,सतना कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,एसडीओपी राजेश सिंह बंजारे,नायब तहसीलदार एस.के.भदौरिया तथा थाना प्रभारी गिरिजा शंकर बाजपेई सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एकेएस के डॉ.जी.के. प्रधान और शीलेंद्र उपाध्याय का अभिनव संयुक्त कार्य



**सतना।** खनन और शैल उत्खनन जैसे जटिल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण नवाचार सामने आया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी. के. प्रधान और ए के एस के इंजीनियरिंग संकाय के सहायक प्राध्यापक शीलेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त रूप से ब्लास्टिंग प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित,किफायती और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की तकनीक विकसित की है,जिसे यूटिलिटी पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस तकनीक में ड्रिल होल के भीतर विस्फोटक कॉलम में ढक्कन लगी परित्यक्त प्लास्टिक बोतल को "एयर गैप" के रूप में रखा जाता है। यह एयर गैप विस्फोट के दौरान उत्पन्न दाब और तापमान को संतुलित करता है,जिससे कम मात्रा में विस्फोटक के साथ बेहतर फ्रैगमेंटेशन प्राप्त होता है। विशेषज्ञों के अनुसार,एक लीटर की बोतल से लगभग एक किलोग्राम विस्फोटक की बचत संभव है,जिससे लागत में उल्लेखनीय कमी आती है और कंपन व ध्वनि स्तर भी घटते हैं। नई तकनीक ओवरसाइज़ बोल्डरों की समस्या कम करती है,जिससे खनन चक्र अधिक सुचारु होता है। पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह पहल महत्वपूर्ण है-हर किलोग्राम विस्फोटक की बचत से लगभग 14 किलोग्राम CO उत्सर्जन में कमी आती है,साथ ही प्लास्टिक कचरे का पुनः उपयोग संभव होता है। उल्लेखनीय है कि शीलेंद्र उपाध्याय को पूर्व में यंग साइंटिस्ट अवार्ड तथा डॉ.जी.के.प्रधान को नेशनल जियो साइंस अवार्ड प्राप्त हो चुका है। उनका यह संयुक्त कार्य दर्शाता है कि शोध जब उद्योग की आवश्यकताओं से जुड़ता है,तो वह व्यावहारिक बदलाव की दिशा में ठोस कदम बन जाता

### अमौधा तालाब-बिट्स कॉलेज रोड का कायाकल्प, महापौर ने किया 64.79 लाख के सड़क कार्य का भूमिपूजन



**सतना।** महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने अमौधा तालाब से बिट्स कॉलेज रोड के सौंदर्यीकरण एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। 64.79 लाख की लागत से बनने वाली यह सड़क क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नागरिकों को सुगम आवागमन प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगी। लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना के पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आदित्य यादव,पार्षद मीना माधव,बालकृष्ण शुक्ला और मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा सहित कई वार्डवासी उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्र के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण को नई गति प्रदान करेगी।

## धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़: शाकाहारी ऑर्डर पर मांसाहार भेजने वाले डोमिनोज पिज्जा पर 8 लाख का जुर्माना

**सतना।** शहर के पन्ना नाका स्थित डोमिनोज पिज्जा रेस्टोरेंट को एक ग्राहक की धार्मिक भावनाओं और खान-पान की मर्यादा से खिलवाड़ करना भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, सतना ने सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापार का दोषी मानते हुए रेस्टोरेंट पर 8 लाख रुपए का भारी -भरकम जुर्माना लगाया है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार,श्रीधाम आश्रम शेरगंज निवासी नैंसी तिवारी पति सूरज तिवारी ने दीपावली के पावन पर्व पर 31 अक्टूबर 2024 को पन्ना नाका स्थित डोमिनोज रेस्टोरेंट से ऑनलाइन शाकाहारी भोजन का ऑर्डर दिया था। रेस्टोरेंट द्वारा चार अलग-अलग बॉक्स में खाद्य सामग्री की होम डिलीवरी की गई।

### पवित्र त्योहार के दिन परोसा गया मांस

पीड़िता का आरोप है कि जब परिवार के सदस्यों ने भोजन करना शुरू किया,तो उन्हें उसमें से अजीब सी गंध आई। बारीकी से जांच करने पर पता चला कि वह शाकाहारी भोजन नहीं,बल्कि मांसाहार था। पीड़िता ने आयोग को बताया कि उनका पूरा परिवार हिंदूधर्म का अनुयायी है और पूरी तरह शाकाहारी है। दीपावली जैसे पवित्र त्योहार के दिन मांसाहार परोसकर रेस्टोरेंट ने न केवल सेवा में कमी की,बल्कि एक 'जघन्य अपकृत्य' भी किया है।

### आयोग का सख्त फैसला

जिला उपभोक्ता आयोग ने दोनों पक्षों की दलीलों और तथ्यों पर गौर करने के बाद माना कि रेस्टोरेंट का यह कृत्य उपभोक्ता के प्रति घोर लापरवाही और अनुचित व्यापार पद्धति का हिस्सा है। आयोग ने आवेदक नैंसी तिवारी के पक्ष में 8 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति का आदेश दिया।यह राशि आदेश की तिथि से एक माह के भीतर देनी होगी। यदि निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया,तो रेस्टोरेंट को 9 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी देना होगा।

## भरहुत नगर मोड़ पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर, होली की भीड़ के बीच लगा भीषण जाम





सतना।

शहर के व्यस्ततम भरहुत नगर मोड़ पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। होली का त्यौहार नजदीक होने के कारण बाजार में पहले से ही भारी भीड़ थी,ऐसे में इस जाम ने आम नागरिकों की मुश्किलों को दोगुना कर दिया। राहगीर घंटों भीषण गर्मी और जाम में फंसकर परेशान होते रहे।

### नो-एंट्री के उल्लंघन से बिगड़े हालात

इस घटना ने शहर की यातायात व्यवस्था और नो-एंट्री के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा तय किए गए समय के बावजूद भारी वाहन बेखौफ होकर शहर की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं।

### इन इलाकों में सबसे ज्यादा उल्लंघन

रीवा रोड व भरहुत नगर में मुख्य मार्ग होने के बावजूद भारी वाहनों का दबाव बना रहता है। बगहा व शेरगंज क्षेत्रों से भी नो-एंट्री के दौरान ट्रकों की आवाजाही जारी है।

### महादेवा व टिकुरिया टोला

महादेवा क्षेत्र से निकलने वाले भारी वाहन अक्सर पतेरी और जवाहर नगर की गलियों में घुस जाते हैं, जिससे मोहल्लों की सड़कों पर भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। उचेहरा रिंग रोड यहाँ से भी भारी वाहनों का प्रवेश शहर के भीतर अनवरत जारी है।

### त्यौहारी सीजन में पुलिस की सुस्ती भारी

होली के चलते बाजार में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। ऐसे संवेदनशील समय में नो-एंट्री जोन में भारी वाहनों का प्रवेश न केवल जाम का कारण बन रहा है,बल्कि किसी बड़ी दुर्घटना को भी आमंत्रण दे रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि रीवा रोड,भरहुत नगर और महादेवा जैसे मुख्य प्रवेश द्वारों पर पुलिस की सख्ती बढ़ाई जाए ताकि त्यौहार के समय लोगों को इस तरह की परेशानियों से निजात मिल सके।

## मिलावटखोरों को पकड़ने सतना और मैहर में ताबड़तोड़ छापेमारी

सतना।

होली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड पर है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों ने रविवार को सतना शहर सहित मैहर और अमरपाटन के प्रमुख मिष्ठान भंडारों एवं डेयरियों पर सघन छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए,जिससे मिलावटखोरों में हड़कंप मचा रहा।



### नामचीन होटलों और दुकानों की जांच

अभिहित अधिकारी डॉ.मनोज शुक्ला के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह एवं सीमा पटेल की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी। टीम ने होटल प्रथम रेजीडेंसी कोठी रोड और सिंह स्वीट्स सिविल लाइन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ-साथ टिकुरिया टोला स्थित वैष्णवी स्वीट्स एवं श्रीराम श्याम डेयरी का निरीक्षण किया। यहाँ से बेसन,मगज लड्डू,मोतीचूर लड्डू,खोवा बर्फी,छेना रसगुल्ला , मिल्ककेक,कलाकंद और नमकीन के सैंपल लिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### मैहर और अमरपाटन में डेयरी और स्वीट्स कॉर्नर्स पर दबिश

मैहर जिले में भी मिलावट के खिलाफ अभियान तेज रहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ ने मैहर और अमरपाटन क्षेत्र के प्रतिष्ठानों पर औचक कार्यवाही की। मैहर में 'बीकानेर एक्सप्रेस' से सफेद पेड़ा,लाल पेड़ा व बर्फी; 'शिव रेस्टोरेंट' से खोवा,मिल्क केक व कलाकंद और 'ओम साईं डेयरी' से दूध,पनीर व खोवा के नमूने लिए गए। अमरपाटन क्षेत्र में 'माँ डेयरी' पनीर-खोवा,'महक स्वीट्स' (लड्डू) और 'धनेन्द्र स्वीट्स' (खोवा,मिल्क केक,बर्फी) पर कार्यवाही करते हुए सैंपल जब्त किए गए।

## भीड़ बनी रही तमाशबीन, जितेंद्र सिह होरा 'बॉबी भैया' ने बढ़ाया मदद का हाथ

मैहर।

शनिवार को नेशनल हाईवे-30 स्थित कटनी रोड पर पौड़ी धाम राम मंदिर के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जुट गई। लोग खड़े होकर तमाशा देखते रहे या एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे जितेंद्र सिंह होरा (बॉबी भैया) ने भीड़ देखकर अपनी गाड़ी रोकी। उन्होंने देखा कि घायल परिवार अत्यंत गरीब है और उनकी स्थिति बेहद नाजुक है।घायलों के शरीर में कई जगह फ्रैक्चर थे और सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। जब हाईवे सड़क सहायता नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो जवाब मिला कि इस नंबर पर इनकमिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है। सरकारी मदद न मिलने की स्थिति में बॉबी भैया ने बिना समय गंवाए अपने निजी स्तर पर एम्बुलेंस की व्यवस्था की। उन्होंने न केवल घायलों को वाहन उपलब्ध कराया, बल्कि तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की और बेहतर इलाज के लिए उन्हें जबलपुर अस्पताल रवाना कराया।

### क्षेत्र में हो रही सराहना

निस्वार्थ भाव से की गई इस सेवा की पूरे मैहर क्षेत्र में सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आज के दौर में जहां लोग सड़क हादसों से दूरी बना लेते हैं,वहीं जितेंद्र सिंह जैसे जागरूक नागरिक समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनकी दरियादिली के लिए क्षेत्र की जनता ने उन्हें साधुवाद और धन्यवाद ज्ञापित किया है। दीन-दुखियों और गरीबों की सेवा ही सच्ची इंसानियत है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मानवता आज भी जिंदा है।



### होली मिलन समारोह आयोजित

**सतना।** रेल मनोरंजन सदन द्वारा होली के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में सभी रेल कर्मचारियों को सादर आमंत्रित किया जाता है। होली मिलन समारोह 04 मार्च सुबह 9 बजे से रेल मनोरंजन सदन सतना के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में लोको के मुखिया ओ पी यादव तथा क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र सिंह की गरिमामयी उपस्थिति होगी। इस अवसर पर सभी रेल कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी जाएंगी और उन्हें होली के रंगों में रंगने का अवसर मिलेगा। यह समारोह रेल कर्मचारियों के बीच एकता,भाईचारे और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

## होली में नकली और कैमिकलयुक्त रंग और गुलाल की भरमार

मैहर।

होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में पिचकारियों एवं रंगों की दुकानें सजने लगी है लेकिन नकली और केमिकल वाले रंगों की बिक्री ने लोगों की सेहत को खतरे में डाल दिया है। ऐसा नहीं कि यह पहली बार होली आ रही हो लेकिन इस बार कुछ ज्यादा ही नकली रंग और गुलाल की रंगों की दुकानों में भरमार हुई है। देखा जा रहा है कि होली के अवसर पर हर घर में रंग का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है किंतु पहले भी ऐसा हुआ है कि लोग आपस में मिलकर चेहरों पर रंग गुलाल लगाते है जिससे चेहरे पर रंगों के कैमिकल की वजह से खुजली होने लगती है बाद चेहरे में दाग भी बन जाते है। इसी तरह रंग है जो देखने में लाल हरा लगता है मगर जब इसकों घोल कर पिचकारियों के माध्यम से डाला जाता है तो सिर्फ पानी ही बदन में दिखता है रंग नदारत रहता है। इसी तरह गुलाल में धूल या पाउडर मिला रहता है जिससे यह शरीर को नुकसान पहुंचाता है।



इस संबंध में बताया जा रहा है कि दरअसल मध्य प्रदेश में मिलावट के लिए तो कई कानून,प्रावधान है कड़ी सजा भी है लेकिन बात अगर नकली, केमिकल युक्त और बेहद हानिकारक रंगों की जाए तो मामला जीरो है मतलब न कोई प्रावधान न कोई लैब,तो जांच की बात तो दूर दूर तक नहीं है जब कि हर साल लोग हजारों की संख्या में नकली या केमिकल युक्त हानिकारक रंग गुलाल के शिकार हो जाते हैं। होली के बाजार में कुछ कंपनियों के रंग और गुलाल प्राकृतिक हैं या आयुर्वेदिक औषधि युक्त है लेकिन इन दावों का कोई प्रमाण पत्र कंपनियों के पास नहीं है। हानिकारक रंगों से त्वचा जलाने,एलर्जी और आंखों को नुकसान समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। आश्चर्य की बात तो यह भी है कि नकली और असली रंगों में पहचान कर पाना ग्राहक तो दूर दुकानदार और थोक मार्केट विक्रेताओं के भी बस की बात नहीं है।नागरिकों से संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बाजार में रंगों एवं गुलाल की जांच करें जिससे रंग खेलने वालों को शरीरिक क्षति न पहुंचे।

# शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन संपन्न



**अजयगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ द्वारा गोद ग्राम करी भाटिया बड़ी रूंध में आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर का समापन समारोह उत्साह एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बहादुरगंज पंचायत के सरपंच रवि रावत उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय पटवारी संघ के अध्यक्ष विमल यादव ने सहभागिता की। अन्य अतिथियों में महाविद्यालय के प्राचार्य अरविल कुजूर, एनएसएस जिला संगठक डॉ मनोज शुक्ला, श्री बड़कू प्रजापति सहित महाविद्यालय परिवार से जेपी अहिरवार, डॉ प्रभात कुमार, पंकज करोसिया, ग्रामवासी एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश कुमार यादव ने सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सरपंच श्री रवि रावत ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से जनजागृति का कार्य करते रहें तथा सदैव देश सेवा के लिए तत्पर रहें। विशिष्ट अतिथि श्री विमल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यदि राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों को किसी भी प्रकार की राजस्व संबंधी समस्या आती है तो वे उसका निःशुल्क निराकरण करने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए अपना व्यक्तिगत संपर्क नंबर भी स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। एनएसएस जिला संगठक डॉ. मनोज शुक्ला ने स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रमाणपत्र एवं शिविरों के महत्व की जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में प्राचार्य अरविल कुजूर ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों एवं स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वचन प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अमानगंज से सिमरिया पहुंच मार्ग का रोड टेक्स आखिर सभी से फिर भी इस मार्ग में चलकर वाहन से देखें तो हालात क्या क्या है?

## दुर्घटनाओं को अंजाम देने के लिये सड़क खुद कर रही बयां, आम आदमी को प्रतिदिन बीमारी के लिये भी तय कर रहा मार्ग, इसके पीछे चुप्पी क्यों?

**अमानगंज से सिमरिया मार्ग आखिरकार जिस हालात में पहुंच चुका है जहां वाहनों से गुरजना स्वयं ही बयां कर रहा जर्जर हालत में सड़क वहीं उड़ती धूल प्रदूशित दास्तां सड़क से गुजरने वाले हर घर में पहुंचा रहे बीमारी वहीं रोड टेक्स सभी से पर सड़क में परेषानी के लिये आमंत्रण किसकी वजह से क्या होगी पड़ताल जे.के. सीमेन्ट कंपनी में सतत बड़े-बड़े वाहनों के गुजरने से खुद कर रही सड़क हालात बयां दुर्घटनाओं को कैसे रोका जायेगा सबसे बड़ा सवाल?**



पन्ना।

जिले में विकास की दास्तां तो अक्सर सुर्खियां बनती है पर विनाष की दास्तां को कौन बयां करेगा क्या जिले के अमानगंज से सिमरिया मार्ग में जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व वरिश्ठ अधिकारी इस मार्ग गुजरने पर हालात से वाकिफ नहीं। आखिर इस मार्ग में आम आदमी रोड टेक्स जिसके वाहन है सभी देते है फिर जब सड़क ही नहीं बची तो रोड टेक्स के नाम पर यह लूट क्यां? वहीं सबसे बड़ा तो यह है कि कहने को दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें होती है पर अमानगंज-सिमरिया मार्ग को क्या गौर किया जायेगा। सड़क सुरक्षासमिति की नजर जायेगी यह सड़क किस कारण से इस हालात को पहुंची इसकी वजह क्या है इसके पीछे क्या है यह सभी सवाल जवाब मांग रहे है। लाभ का व्यवसाय तो जे.के. सीमेन्ट कंपनी स्वयं तय कर रही है पर दर्द सड़क में हर गुजरने वाले को दे रही है उद्योगों के आने पर विकास सुना था यहां तो विनाष का मार्ग आमंत्रण को लेकर खुद दास्तां बयां कर रहा है। इस सड़क में गुजरते वक्त किस स्थिति के हालात है यह किसी से छिपे नहीं पर सड़क को लेकर चुप्पी क्यों समझ से परे विकास के ठेकेदार सड़क को लेकर अंजान बने वहीं गांव-गांव स्वास्थ्य षिविर का आयोजन जे.के. सीमेन्ट कंपनी समय-समय पर करती है वहीं इस सड़क से गुजरने वालों की दास्तां यह बन रही है कि हर घर में सड़क से ही बीमारी पहुंच रही है इस मार्ग में चलना कठिन उड़ती धूल खुद बीमारी के हालात को आम आदमी के लिये शायद जानी जा रही है आखिर यह मार्ग इस हालात को लेकर कब तक सिर दर्द बना रहेगा। क्या इसके लिये निदान की दिषा तय की जायेगी। इतना ही नहीं आखिरकार जहां उद्योगों के लिये मार्ग वहीं पानी की सुविधा जिले में तय की जाती है पर इस मार्ग में षासन-प्रषासन की नजर क्यों नहीं है दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने को लेकर यह सड़क स्वयं हालात को बयां कर रही है। आखिर अमानगंज सिमरिया मार्ग आम आदमी के लिये कब सुविधाजनक मार्ग के रूप में राह आसान होगी या इसी तरह मनमानी के चलते जोखिम भरे हालात को लेकर यह मार्ग क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है आखिर जिम्मेदारों की नजर सड़क पर कब होगी। यहां तो यह मार्ग जे.के.सीमेन्ट कंपनी के पास से गुजरता हे इस मार्ग की जहां सुंदरता होनी चाहिये वहीं यह मार्ग दुर्दसा व बीमारियों को आंमंत्रण देने वाला साथ ही दुर्घटनाओं व हादसे के लिये माना जा रहा है आखिरकार इसमें सुधार की दिषा कब तय होगी जहां जे.के. सीमेन्ट कंपनी जिले के विकास में कई तरह से योगदान देती है फिर यह मार्ग कंपनी व जिले में आखिर इस हालात में जपहुंचा फिर भी सुधार क्यों नहीं सवाल अपने आप में कहीं न कहीं कारण की वजह क्या है यह तो समझ से परे है देखना यह है कि क्या यह सड़क जख्मों के लिये दर्द के लिये दुख व दुर्घटनाओं दोनों के लिये उचित मानी जा रही है आखिर समाधान कब।

## खबर संक्षेप

### घर जाकर बच्चों को पढ़ा रहे नैगवां के शिक्षक

**कटनी।** बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर रिजल्ट और सक्सेस 3.0 की सफलता के लिए विकासखंड रीठी के आदिवासी अंचल में बसे शासकीय उच्चोतर माध्येमिक विद्यालय नैगवांके शिक्षकों ने 'विद्यालय चला अब घर की ओर' अभियान की शुरूआत की है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विपिन तिवारी ने बताया कि वर्तमान में सरसों (लाहा) की कटाई के सीजन की वजह से अधिकतर छात्र-छात्रायें शाला नहीं आ रहे हैं और खेतों में कटाई कार्य में अपने माता-पिता की मदद कर रहें हैं। छात्रों की पढ़ाई का नुकसान न हो इसके लिये हमनें कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में एक अभिनव पहल करते हुए यह तय किया की शाला समय में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के घर जाकर ही हम विद्यालय लगाएंगे। ताकि प्रतिदिन का सक्सेस 3.0 के साथ उसे हम परीक्षा की तैयारी करा सके। साथ ही छात्र-छात्रा के साथ हम उसके माता-पिता से भी बच्चे को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हमारा यह अभियान परीक्षा समाप्ति तक जारी रहेगा।

### आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने निर्देश

**कटनी।** जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने फारेस्टर वार्ड थाना रंगनाथ निवासी आदेश राव पिता रमेश राव 28 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना रंगनाथ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्ति प्रतिवेदन के आधार पर की है। आदेश राव के विरूद्ध अब तक कुल 10 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन के साथ रास्तार रोककरगंदी गालियां देकर मारपीट करना, अवैध देशी कट्टा रखना, चाकू रखना, अवैध वसूली जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा आदेश राव के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक थाना रंगनाथ में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

आरोपियों के कब्जे से 8 पशु एवं 1 पिकअप वाहन सहित करीब 6 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका जप्त

# अवैध पशु परिवहन करने वाले 2 आरोपियों के विरुद्ध थाना धरमपुर में की वैधानिक कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों, ष्पु क्रूरता एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर विधिवत कार्यवाही किये जाने के निर्देष दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी धरमपुर अनिल सिंह राजपूत द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसके फलस्वरूप दिनांक 01/03/2026 को अवैध ष्पु परिवहन संबंधी सूचना प्राप्त हुई। मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम द्वारा सिंहपुर-कालिंजर मुख्य मार्ग, दिविहा मोड़ के पास सघन वाहन चेकिंग की गई। कुछ समय ष्चात संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक डच्35ळ।1035 को रोककर तलाषी ली गई। वाहन पर निरीक्षण करने पर संकीर्ण स्थान में 08 नग छोटे-बड़े पड़ा/पड़यिा को पैर रस्सियों से बांधकर निर्दयतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर अमानवीय तरीके से भरा हुआ पाया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक एवं साथ बैठे व्यक्ति से पूछताछ करने पर उनके द्वारा ष्पु परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज/परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में





विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से कुल 08 नग पड़ा/पड़यिा कीमती लगभग 1,20,000/- एवं पिकअप वाहन क्रमांक डच्35ळ।1035 कीमती लगभग 5,00,000/- सहित कुल लगभग 5,20,000/- का मषरूका जप्त किया गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना धरमपुर में धारा 11(1)(घ) ष्पु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं धारा 66/192। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - महेन्द्र कोरी पिता दुखीलाल कोरी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सिंहासर पड़रिया थाना पवई जिला पन्ना (म.प्र.)

असलम खान पिता गुनी खान उम्र 45 वर्ष निवासी हनुमानपुर थाना थरियांव जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

**जप्त सामग्री** - कुल 08 नग पड़ा/पड़यिा कीमती लगभग 1,20,000/- एवं पिकअप वाहन क्रमांक डच्35ळ।1035 कीमती लगभग 4,00,000/- सहित कुल लगभग 5,20,000/- का मषरूका जप्त किया गया।

**सराहनीय योगदान** - उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर अनिल सिंह राजपूत, सउनि अवधराज सिंह के साथ प्रआर. वीरेन्द्र अहिरवार, जीतेन्द्र मिश्रा, आर. अजीत यादव, आर. निष्चल सिंह, आर. गजेन्द्र एवं आर. गिरधारी, गोविन्द म0आर0 सविता का सराहनीय योगदान रहा।

# टंकी ऑपरेटर एवं जलमित्रों को संचालन - संधारण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## पेयजल की निरंतर आपूर्ति वाल्व आपरेटर एवं टंकी आपरेटर की भूमिका महत्वपूर्ण



**पन्ना।** जल जीवन मिशन के उद्देश्य की पूर्ति एवं स्थानीय स्तर पर पेयजल व्यावस्था को मजबूत करने के लिये स्वयंसेवी संस्था समर्थन,जलनिगम एवं आईएसए के संयुक्त तत्वाधन में दो दिवसीय नल जल योजना के संचालनकृसंधारण विषय पर टंकी एवं वाल्व आपरेटर का प्रशिक्षण डब्लूटीपी सिकारपुरा पवई में कियाया गया। लगभग 40 टंकी आपरेटर एवं जलमित्रो ने सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन अलायंस अर्वन एण्ड रूरल डेवलपमेंन्ट सोसायटी ,समर्थन ने जल निगम महाप्रबंधक शिवम सिंन्हा जी के मार्गदर्शन इमें आयोजित किया । जल निगम के प्रबंधक निशा परिहार एवं आईएसए के समन्वयक जयपाल सिंह ने प्रशिक्षण में पूर्ण सहयोग किया। समर्थन संस्था के कार्यक्रम निदेशक देवीदासकिशन निमजे से प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया एवं ज्ञानेन्द्र तवारी,उपेन्द्र सिंह एवं कमलचन्द एवं चालीराजा ने सहयोग प्रदान किया। प्रबंधक जल निगम निशा परिहार ने कहा की सभी जलमित्र जलकर समय पर ले एवं पंचायत में जमा करे ताकि पंचायत जलनिगम को जलआपूर्ति व्यावस्था बनाये रखने के लिये जलकर की समय पर जमा कर सके। दो दिवसीय प्रशिक्षण ने देवीदास ने जलकर ,टंकी आपरेसन एवं जल जीवन मिशन एक सामाजिक सारोकर से जुड़ा मुद्दा है यह व्यावस्था सामुदाय आधारित हो वीडब्लूएससी के सहयोग से योजना का संचालन कराने से इकिाउ व्यावस्था बन सकेगी। टूलकिट का वितरण एवं उपयोग विधि कृ उपेन्द्र सिंह ने संचालन एवं संधारण के लिए टूल किट का वितरण किया एवं उसके उपयोग की जानकारी प्रदान की । टूल किट में फर्स्ट एड बॉक्स डिटॉल ,एंटीसेप्टिक क्रीम,कॉटन ,कॉटन टैप, बैंडेड टूल किट बैग औजारों को सुरक्षित रखने के लिए पाइप रिंच ,इसका उपयोग मुख्यतः पाइप को खोलने कसने में किया जाता है इसकी सहायता से टोटियों को बदला जाता है । आरी पत्ती एवं आरी फ्रेम इसका उपयोग पाइप को काटने में किया जाता है प्लास इसका उपयोग तार को काटने एवं छोटे नट बोल्ट को खोलने कसने में किया जाता है वायर कटर का मुख्य काम तार को छिलना काटना है ,टोटी एवं टेफलॉन टैप इसका कार्य टोटी, फेरुल,एल्बो की को टाइट करते समय किया जाता है जिससे पानी का अनावश्यक रिसाव बंद किया जाता है, साइड पाना इसका उपयोग नट बोल्ट को खोलने कसने में किया जाता है, टेस्टर का उपयोग बिजली के फॉल्ट को चेक करने के लिए किया जाता है।

# सहायक शिक्षक श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा को भावभीनी विदाई, गाड़ियों के काफिले के साथ हुआ भव्य सम्मान





**पन्ना।** शासकीय प्राथमिक शाला बिल्हा, संकुल रक्सेहा, विकासखंड पन्ना के सहायक शिक्षक श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा के सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय में पदस्थ सहयोगी शिक्षक श्री इंद्र सिंह यादव (गोलू) द्वारा किया गया। विदाई के अवसर पर श्री मिश्रा जी को पन्ना स्थित उनके निवास से 12 गाड़ियों के काफिले एवं डीजे के साथ सम्मानपूर्वक विद्यालय लाया गया। विद्यालय पहुंचते ही संकुल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय महिलाओं ने कलश एवं पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। पूरे परिसर में उत्साह एवं भावनात्मक माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में सैकड़ों ग्रामवासी, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में वक्ताओं ने श्री मिश्रा जी के सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा दी, बल्कि उन्हें श्रेष्ठ संस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, संकुल प्राचार्य श्रीमती विभूति श्रीवास्तव, श्री रविशंकर, जिला संरक्षक रमाशंकर, रमाकांत खरे, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे, महिला एवं बाल विकास विभाग से राजा महेंद्रले, विकासखंड प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव सहित संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, लक्ष्मीपुर एवं बिलखुरा ग्राम पंचायत के सरपंचगण तथा सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों ने श्री मिश्रा जी को भावभीनी विदाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन श्री इंद्र सिंह यादव (पिता श्री खूब सिंह यादव), सेवानिवृत्त शिक्षक, द्वारा अपने परिवार के साथ किया गया। यह विदाई समारोह एक शिष्य द्वारा अपने गुरु के प्रति सम्मान और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण बन गया, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने कोटि-कोटि प्रशंसा की।

**दीवार तोड़ी, चरवाहे को बांधा, फिर 76 बकरियां लेकर फरार**

# अमानगंज पुलिस ने महोबा के अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 शातिर बदमाश दबोचे, कई जिलों में फैला था नेटवर्क

पन्ना।

**जिले में लगातार हो रही बकरी चोरी और लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए अमानगंज पुलिस ने महोबा, उत्तर प्रदेष के अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन षातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपियों ने अमानगंज थाना क्षेत्र के नयागांव मौहार में घर की दीवार तोड़कर 15 बकरियां चोरी करने तथा षाहनगर थाना क्षेत्र के धौवापुरा जंगल में चरवाहे को ंमक बनाकर 61 बकरियां लूटने की वारदात को अंजाम दिया था।**



यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देषन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान के मार्गदर्षन में की गई। दिनांक 16 जनवरी 2026 को फरियादी अखिलेष प्रजापति निवासी नयागांव मौहार ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15-16 जनवरी की दरम्यानी रात अज्ञात आरोपियों ने घर के पास बने कच्चे सार (बाड़े) की पीछे की दीवार तोड़कर 10 बकरी एवं 5 बकरे सहित कुल 15 नग ष्पु चोरी कर लिए। आरोपियों ने पहले घर के कमरों में सो रहे परिजनों के दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया, ताकि कोई बाहर न निकल सके, और फिर सब्बल से दीवार तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में थाना अमानगंज में अपराध क्रमांक 27/26 दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी प्रकार 18 जनवरी 2026 को थाना शाहनगर क्षेत्र के ग्राम धौवापुरा के जंगल में बकरी चरवाहे के साथ मारपीट कर उसे गमछे से बांधकर ंमक बना लिया गया और कुल 61 बकरियां लूट ली गईं। इस संबंध में थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 26/26 पंजीबद्ध किया गया। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए विषेष पुलिस टीम का गठन किया गया तथा साइबर सेल की मदद ली गई। थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में लगातार पतारसी एवं संभावित सीनों पर दबिष दी गई। तकनीकी विष्लेशण के आधार पर 27 फरवरी 2026 को अमानगंज थाना क्षेत्र से महोबा (उ.प्र.) के तीन संदिग्ध आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने दोनों घटनाओं को स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी और लूट की गई बकरियों को अज्ञात व्यक्तियों को बेच दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 6 हजार रुपये नकद एवं एक मोबाइल फोन जब्त किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेष किया गया है। आरोपियों में आरिफ मुसलमान (32 वर्ष), निवासी कुलपहाड़, जिला महोबा (उ.प्र.), लाले खां (31 वर्ष), निवासी कुलपहाड़, जिला महोबा (उ.प्र.), विक्की मुसलमान (32 वर्ष), निवासी आलमपुरा, महोबा (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी अत्यंत षातिर एवं हार्डकोर प्रवृत्ति के हैं, जो योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय ष्पु चोरी एवं लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पन्ना सहित निवाड़ी एवं अन्य जिलों में भी वारदात करना स्वीकार किया गया है। अन्य मामलों में पूछताछ जारी है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी षाहनगर परषराम डाबर, थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादौन, उनि. मनोज यादव, सउनि प्रीतम सिंह, प्र.आर. गणेष सिंह, धर्मेन्द्र हरदेनिया,षिवम षर्मा,मनोज त्रिपाठी, रवि खरे, आर. मुनेन्द्र, रविन्द्र अहिरवार,तुलसी, अतुल मेहरा, अंगराज पटेल,मेहरबान, अरुण तिवारी, एवं सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# अजयगढ़ पुलिस ने पशु तस्करी पर की कार्यवाही

**सूत्रों की मानें तो यह दास्तां कब से चल रही थी इस पर भी पड़ताल जरूरी बेजुबान पशुओं को कटने के लिये भेजने के तार कब सुलझेंगे**

**आखिरकार बेजुबान पशुओं को कहां ले जाया जा रहा है काटने को लेकर इसके तार कहां से कहां तक कब से चल रहा है गोरख धंधा क्या होगा पर्दाफास, पड़ताल का इंतजार कौन है सरगना**

अजयगढ।

पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस ने ष्पु क्रूरता और अवैध तस्करी पर जोरदार प्रहार किया है। आज सुबह 5 बजे करीब इस बार दो पिकअप वाहनों को माधौगंज के पास लगे बेरियल में पकड़ा गया, जब ये पन्ना से उत्तर प्रदेष की ओर 23 जानवरों (भैंसों/पषुओं) से ठूँस-ठूँसकर भरे हुए जा रहे थे। पिछले कुछ दिनों में ही अजयगढ़ पुलिस ने भैंसों और पड़ा से लदे तीन अन्य वाहनों को भी धर दबोचा था। कुल मिलाकर हालिया कार्यवाहियों में 100 से अधिक मवेषी बरामद हुए और कई वाहन जब्त किए गए हैं। ये सभी जानवर बेरहमी से बिना किसी उचित व्यवस्था के परिवहन किए जा रहे थे, जिसके खिलाफ ष्पु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही षुरू कर दी गई है। पकड़े गए 23 जानवरों को तुरंत देवगांव की गोषाला में सुरक्षित पहुंचा दिया गया है, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। इस सफल अष्परेषन का नेतृत्व किया थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर द्वारा किया गया जिनकी टीम में षामिल थे। प्रधान आरक्षक अषोक कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक जयेन्द्र पाल, आरक्षक मनोज पटेल, आरक्षक रामनरेष गुप्ता, अजयगढ़ पुलिस की इस मुहिम से ष्पु तस्करों में खलबली मच गई है! अवैध परिवहन और क्रूरता पर लगातार नकेल कसी जा रही है।

# जेके सीमेंट वर्क्स पन्ना में आयोजित भव्य वार्षिक इंट्रा-प्लांट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का सफल समापन

पन्ना।

जेके सीमेंट वर्क्स टाउनशिप, पन्ना में आयोजित वार्षिक इंट्रा-प्लांट वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 का शानदार समापन खेल कौशल और टीम वर्क के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ हुआ। पांच दिवसीय इस आयोजन में 6 प्रतिस्पर्धी टीमों ने भाग लिया और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों ने अपने साथियों का उत्साहवर्धन किया।

फाइनल मुकाबला- एक रोमांचक फाइनल मैच में, अवनेश गौतम (एचआर हेड) के मार्गदर्शन में जेके अटैकर्स टीम ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट जीता और प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की। मनोज मदन जी के मार्गदर्शन में जेके सेटर्स टीम ने भी कड़ी टक्कर दी और टूर्नामेंट में उपविजेता रही। मैचों के दौरान अपने जुझारूपन और प्रदर्शन के लिए उन्हें खूब सराहना मिली।





गणमान्य व्यक्ति और पुरस्कार- पुरस्कारों का वितरण भव्य समारोह में मुख्य अतिथि श्री कपिल अग्रवाल जी (यूनिट प्रमुख, जेके सीमेंट पन्ना) द्वारा किया गया। उन्होंने विजेताओं और प्रतिभागियों दोनों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन जेके सीमेंट परिवार के बंधन को मजबूत करते हैं।

सफलता के पीछे की कहानी- पूरे टूर्नामेंट का त्रुटिहीन संचालन और प्रबंधन सोनू बंसल (प्रशासन प्रमुख) के नेतृत्व वाली प्रशासनिक टीम द्वारा किया गया। आयोजन स्थल की व्यवस्था और सभी दर्शकों के लिए आतिथ्य सत्कार सहित सभी व्यवस्थाएं इस कार्यक्रम की सफल समाप्ति में महत्वपूर्ण थीं। टूर्नामेंट का समापन धन्यवाद ज्ञापन और जेके सीमेंट पन्ना की जीवंत खेल संस्कृति के उत्सव के साथ हुआ।

# नौगांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज, लगातार दूसरे दिन चला बुलडोजर

हाल ही में शहर में हुए सड़क हादसों के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज कर दिया है। रविवार सुबह 8 बजे से नगर पालिका का बुलडोजर एक बार फिर सड़कों पर उतर आया।

नौगांव।

महोबा चौराहे से तहसील चौराहे तक प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान लगातार दूसरे दिन चलाया गया। प्रशासनिक टीम के पहुंचते ही कई अतिक्रमणकारियों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। मेला ग्राउंड के सामने बने बाजार क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाया गया। सिविल अस्पताल परिसर के बाहर दुकानों पर लगे टीन शेड भी हटा दिए गए। नगर में कुल 122 चौराहे होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि यदि प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटा दिया जाए तो भविष्य में दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।



अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है। एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार रमेश कॉल ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त कर वसूली की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। प्रभारी सीएमओ माधुरी शर्मा ने कहा कि नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कार्रवाई के दौरान भाजपा पार्षद भारतीय साहू की दुकान के बाहर लगा अतिक्रमण भी हटाया गया। उन्होंने कहा कि वह नगर पालिका का नेतृत्व करती हैं, फिर भी उनकी दुकान के सामने बुलडोजर चलाया गया। हालांकि नगर के कई क्षेत्रों में अभी भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण मौजूद है। ईसानगर रोड, बेलाताल रोड, महोबा रोड, शिकारपुरा रोड और गरौली रोड पर अतिक्रमण की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। कभी आजादी से पहले नौगांव को एक व्यवस्थित और विकसित शहर माना जाता था, लेकिन बढ़ते अतिक्रमण के कारण शहर सिमटता जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि शहर को सुरक्षित, सुंदर और यातायात के लिहाज से सुगम बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### पहाडगांव में शराब पिलाकर मारपीट, दोस्ती में गाली पड़ी भारी

छतरपुर। जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाडगांव में दोस्तों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि पहले साथ बैठकर शराब पी गई, जिसके बाद गाली-गलौज को लेकर विवाद बढ़ा और मामला थाने तक पहुंच गया। फरियादी पुष्पेंद्र रैकवार, निवासी पहाडगांव, ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके साथ मारपीट की गई। मामले में प्रेमलाल कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा तथा राकेश कुशवाहा (पिता अच्छेलाल कुशवाहा) के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है।शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि गांव में अवैध कच्ची महुआ शराब की पुड़िया तैयार कर नवयुवकों को सस्ते दामों में पिलाई जा रही है, जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### छतरपुर में होली और संबंधित पर्वों की महत्वपूर्ण जानकारी

छतरपुर। जिले में इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर होलिका दहन और होली से जुड़े आयोजन विशेष ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5 बजकर 55 मिनट से शुरू हो रही है, जो 3 मार्च को शाम 5 बजकर 6 मिनट तक रहेगी। इस आधार पर होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि में किया जाएगा, जो नकारात्मक ऊर्जा के नाश और सुख-शांति की कामना से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि 3 मार्च को पूर्णिमा के दिन ही साल का पहला चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इस ग्रहण का सूतक काल प्रातः 6 बजकर 20 मिनट से शुरू हो जाएगा। सूतक के दौरान मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे और ग्रहण की समाप्ति के बाद ही इन्हें खोला जाएगा। चंद्रग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होगा तथा शाम 6 बजकर 47 मिनट पर इसका मोक्ष (समापन) होगा। इस दौरान धार्मिक नियमों का पालन करते हुए भोजन, पूजा आदि में विशेष सावधानियां बरती जाएंगी। इसके बाद होली के बाद के पर्वों की श्रृंखला में 5 मार्च को भाईदूज का त्योहार मनाया जाएगा। यह भाई-बहन के प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला पर्व है, जिसमें बहनें भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना करती हैं।

### स्नातकोत्तर में प्रवेश हेतु 10 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (एम.ए., एम.एस-सी., एम.कॉम. एवं एम.एच.एस-सी.) कक्षाओं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली प्रवेश पात्रता परीक्षा के कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण संशोधन किया गया है। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है, जो स्नातक के मेजर या माइनर विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर करना चाहते हैं। विश्वविद्यालय की नवीन अधिसूचना के अनुसार परीक्षा 29 मार्च 2026 (रविवार) को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में एम.एस-सी., एम.कॉम. एवं एम.एच.एस-सी. के विषय जैसे बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य एवं गृह विज्ञान की परीक्षा सुबह 11:00 से 12:00 बजे तक होगी, जिसके लिए रिपोर्टिंग समय प्रातः 10:00 बजे निर्धारित है। द्वितीय पाली में एम.ए. के विषय जैसे हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, दर्शनशास्त्र, संगीत एवं चित्रकला की परीक्षा दोपहर 02:00 से 03:00 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों को दोपहर 01:00 बजे रिपोर्ट करना होगा।प्रवेश पात्रता परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 01 मार्च से 10 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भरे गए आवेदनों में त्रुटि सुधार की सुविधा 12 मार्च 2026 तक उपलब्ध रहेगी। विशेष रूप से ध्यान रखें कि प्रथम एवं द्वितीय पालियों में आयोजित विषयों के लिए पृथक-पृथक ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है, जो एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जा सकेंगे। परीक्षा पूरी तरह से ऑफलाइन मोड में ओएमआर (हस्तक्र) शीट के माध्यम से संपन्न होगी, जिसमें कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे और इसमें कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।



## महिला को बाइक की टंकी पर बैठाकर बाजार में घुमाया, वीडियो

घुवारा/छतरपुर ।

छतरपुर जिले के घुवारा नगर में ट्रैफिक नियमों की खुली उल्लंघन करते हुए एक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक मुख्य मार्ग पर बाइक की आगे की टंकी पर एक महिला को बैठाकर खतरनाक स्टंट करता दिख रहा है। यह घटना शनिवार की बताई जा रही है।

वीडियो में साफ तौर पर दिखाई दे रहा है कि महिला को बाइक की टंकी पर हैंडल की तरफ मुंह करके बैठाया गया था। युवक तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था और बीच-बीच में वाहन को लहराता भी नजर आ रहा है। इस दौरान न तो युवक ने और न ही महिला ने हेलमेट पहना था। साथ ही कोई अन्य सुरक्षा उपकरण भी इस्तेमाल नहीं किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक काफी देर तक बाजार और मुख्य सड़कों पर इसी तरह बाइक चलाता रहा, लेकिन किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। वायरल वीडियो में दिख रही बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी16 एमएम 3876 है, जो छतरपुर आरटीओ में पंजीकृत है।

स्थानीय निवासियों ने इस लापरवाही पर गहरी चिंता जताई है। उनका कहना है कि ऐसे स्टंट न केवल खुद स्टंट करने वालों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा पैदा करते हैं।

## हरपालपुर में विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस पर घर बने मंदिर विषयक प्रेरक आयोजन

हरपालपुर।

नगर में ब्रह्माकुमारीज के दिव्य धाम सेवा केंद्र ने विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस के अवसर पर एक बेहद प्रेरणादायी और विचारोत्तेजक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका विषय था घर बने मंदिर। यह कार्यक्रम न केवल आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने वाला था, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और सच्ची सुरक्षा की नींव रखने का संदेश भी देता था।

ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय केंद्र में आयोजित इस विशेष आयोजन की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति के साथ हुई, जिसने सभी उपस्थितजनों के मन को शांति और पवित्रता से भर दिया। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में श्री राघव दास महाराज, जो रेलवे में एस.एल. मुख्य बुकिंग पार्सल सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं, ने शिरकत की। वहीं मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी नंदा बहन जी ने गहन और प्रभावशाली प्रवचन दिया।



कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठजन, माताएँ-बहनें तथा युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जो इस बात का प्रमाण थी कि समाज में आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी नंदा बहन ने अपने संबोधन में कहा कि यदि प्रत्येक परिवार के सदस्य अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं, शुद्ध विचारों को अपनाएं, नैतिक मूल्यों का पालन करें और आध्यात्मिक जीवनशैली को अपनाएं, तो हर घर स्वाभाविक रूप से मंदिर जैसा पवित्र और शांतिपूर्ण स्थान बन सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेम, शांति और सहनशीलता ही सच्ची नागरिक सुरक्षा की मजबूत नींव हैं। आज के युग में जहां बाहरी खतरे तो हैं ही, लेकिन घरेलू कलह, नकारात्मक विचार और अशांति से भी सुरक्षा की आवश्यकता है, और यह सुरक्षा केवल आंतरिक शांति से ही संभव है।

मुख्य अतिथि राघव दास महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन में बताया कि घर को मंदिर बनाने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान का प्रकाश और निरंतर ईश्वर स्मृति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जब घर में ईश्वरीय गुणों का वास होता है, तो वह स्थान न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए आदर्श बन जाता है।

कार्यक्रम की खास आकर्षण कुमारी तनु की सांस्कृतिक प्रस्तुति रही, जिसने सभी के मन को छू लिया। अंत में ध्वजारोहण, सामूहिक आरती, प्रसाद वितरण और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने घर को मंदिर बनाने के संकल्प के साथ विदा लिया, जो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत साबित होगा।

## प्रशासनिक बंदिशों के बीच दामोदर यादव का सांकेतिक प्रहार

# छतरपुर में बिना नाम लिए धर्माचार्यों को घेरा

छतरपुर।

आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के नेता दामोदर यादव रविवार को छतरपुर दौरे पर रहे। यहां दामोदर यादव ने न केवल अपनी संकल्प यात्रा को नई धार दी, बल्कि कई मुद्दों पर प्रशासनिक बंदिशों होने के कारण लोगों के नाम लिए बगैर तीखे बयान देकर जिले की सियासत में हलचल पैदा कर दी। दोपहर करीब 2 बजे जब उनका काफिला मेला ग्राउंड स्थित अटल सभागार पहुंचा, तो समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी के साथ उनका स्वागत किया।

आजाद समाज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य दामोदर यादव ने मंच से बहुजन समाज के हक की आवाज बुलंद की। उन्होंने उच्च शिक्षा में समानता लाने के लिए यूजीसी नियमों को तत्काल लागू करने की पुरजोर मांग की। आरक्षण के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने 13 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव कर उसे हटाने की बात कही, ताकि पिछड़े वर्गों को वास्तविक न्याय मिल सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि भीम आर्मी के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं और संकल्प यात्रा को और अधिक मजबूत बनाएं।

### ग्वालियर हाईकोर्ट में बाबासाहेब की प्रतिमा का मुद्दा उठाया -

दामोदर यादव ने एक महत्वपूर्ण ऐलान करते हुए मांग रखी कि आगामी 14 मार्च 2026 को ग्वालियर हाईकोर्ट परिसर में संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने इसे दलित-बहुजन समाज के आत्मसम्मान और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा से जोड़ते हुए कहा कि प्रतीकों का सम्मान समाज की चेतना के लिए अनिवार्य है।



सभा का सबसे विवादित और चर्चित हिस्सा वह रहा, जब दामोदर यादव ने संत-महात्माओं पर निशाना साधा। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए तीखी टिप्पणी की, जिसे सीधे तौर पर धर्माचार्यों से जोड़कर देखा जा रहा है। उनके इस तंज ने अटल सभागार में मौजूद लोगों को चौंका दिया और कार्यक्रम के तुरंत बाद स्थानीय स्तर पर एक नई बहस छेड़ दी है। इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में पक्ष-विपक्ष की प्रतिक्रियाएं शुरू हो गई हैं।

### प्रशासनिक मुस्तैदी और सुरक्षा के बीच हुई सभा

दामोदर यादव की इस सभा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पहले से ही अलर्ट मोड पर थी। एएसपी आदित्य पटले के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति या गुटों के बीच टकराव को टाला जा सके। यादव की इस यात्रा ने छतरपुर में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कैडर में नई जान फूंक दी है, वहीं उनके बयानों ने आने वाले दिनों में बड़े राजनीतिक टकराव के संकेत दे दिए हैं।

### ललौनी तिराहे पर विरोध कर रहे युवा गिरफ्तार

भीम आर्मी नेता दामोदर यादव की प्रस्तावित सभा से पहले शहर में भारी तनाव के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ललोनी तिराहा पर विरोध प्रदर्शन करने जुटे दर्जनों युवाओं को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस ने परशुराम सेना के सागर संभाग अध्यक्ष विनोद मिश्रा और जिला अध्यक्ष रोहित सहित कई कार्यकर्ताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया था। संभावित टकराव और कानून-व्यवस्था को देखते हुए पूरे शहर में भारी पुलिस बल तैनात है। परशुराम सेना ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है, वहीं पुलिस बिना अनुमति किसी भी विरोध या सभा को रोकने के लिए मुस्तैद है।

छतरपुर नगर में आज आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने पुलिस फोर्स को विस्तृत ब्रीफिंग दी। उन्होंने फोर्स को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए कार्यक्रम स्थल पर रवाना किया। ब्रीफिंग के दौरान एडिशनल एसपी आदित्य पटले ने फोर्स को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर बनाए रखा जाएगा और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में निरंतर गश्त सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें पूरे दिन और आवश्यकतानुसार रात्रि में भी क्षेत्र का भ्रमण करती रहेंगी ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को कोई अवसर न मिले।



## बेलगाम डंपर का कहर: एक हफ्ते में दो बछड़ों को रौंदा, ग्रामीणों और गौ सेवकों में भारी आक्रोश

ईशानगर

थाना क्षेत्र में लापरवाह डंपर चालकों की मनमानी लगातार जानलेवा साबित हो रही है। स्थानीय गौ सेवक अरविंद सिंह बड़े राजा के अनुसार, पन्ना के प्रदीप पंडित का डंपर जिसे आदित्य राजा निवासी पहाडग़ांव किराए पर चलाते हैं, आज शाम करीब 4 बजे पहाडग़ांव से ईशानगर मिट्टी लादकर आ रहे थे। इसी दौरान पड़ाव चौराहे पर डंपर ने एक गाय के बछड़े पर चढ़ा दिया, जिससे बछड़ा बुरी तरह जख्मी हो गया।

जानकारी के मुताबिक, यह डंपर इससे पहले भी इसी सप्ताह एक नवजात गाय के बछड़े को कुचल चुका है। उस घटना में बछड़े के पैर बुरी तरह घायल हो गए थे, जिन्हें बाद में काटना पड़ा और लगभग 8 दिन बाद उसकी मौत हो गई थी। इस तरह एक हफ्ते के भीतर दो निर्दोष बछड़ों की डंपर की चपेट में आकर जान गई या गंभीर रूप से प्रभावित हुई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डंपर चालक शराब के नशे में था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। आक्रोशित लोगों ने चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और उसे ईशानगर थाने पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण और गौ सेवक मौके पर जमा हो गए तथा चालक के साथ ही डंपर मालिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्रवासियों में इस बात को लेकर जबरदस्त नाराजगी है कि बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। वे सवाल उठा रहे हैं कि क्या पुलिस निष्पक्ष जांच करेगी या फिर मामला किसी तरह रफा-दफा कर दिया जाएगा। ग्रामीणों और गौ सेवकों ने पारदर्शी जांच, दोषियों पर कठोर दंड और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

## नौगांव पॉलीटेक्निक हॉस्टल में करंट लगने से छात्र की दर्दनाक मौत

**नौगांव/छतरपुर।** जिले के नौगांव स्थित सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज के हॉस्टल में एक छात्र की करंट लगने से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मृतक छात्र की पहचान राज तिवारी के रूप में हुई, जो मध्य प्रदेश के रीवा शहर से पढ़ाई के लिए नौगांव आया था। जानकारी के अनुसार यह हादसा हॉस्टल परिसर में हुआ, जहां अचानक विद्युत करंट की चपेट में आने से छात्र बुरी तरह झुलस गया। साथी छात्रों ने तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हॉस्टल में अफरा-तफरी मच गई और छात्रों में गुस्सा व दहशत का माहौल है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे जल्द ही मौके पर पहुंचने वाले हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा शुरू कर दिया है। प्रारंभिक जांच में हॉस्टल की विद्युत व्यवस्था में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना ने कॉलेज प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल में बिजली की पुरानी वायरिंग और रखरखाव की कमी लंबे समय से समस्या बनी हुई है। प्रशासन से छात्रों ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।



